रणथम्भौर की छवि पर पड़ेगा विपरीत असर,बुकिंग बंद करने का मामला

रणथम्भौर की छवि पर पड़ेगा विपरीत असर,बुकिंग बंद करने का मामला

Vijay Kumar Joliya
Sawai Madhopur, Sawai Madhopur, Rajasthan, India
February, 28 • 01:01 PM

रणथम्भौर की छवि पर पड़ेगा विपरीत असर,बुकिंग बंद करने का मामला

सवाईमाधोपुर. रणथम्भौर सहित अलवर के सरिस्का व झालाना के लैपर्ड नेचर पार्क में मार्च माह में 16 से 31 मार्च तक पर्यटकों की ऑनलाइन बुकिंग को बंद करने का मामला अब और गरमा रहा है। टूर ऑपरेटर्स की भारत की सबसे बड़ी संस्था इण्डियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) की ओर से भी अब इस संबंध में मुख्यमंत्री, वनमंत्री, पर्यटन मंत्री को पत्र लिखकर वन विभाग की ओर से अचानक लिए गए इस फैसले का विरोध किया है और बुकिंग को शुरू करने और बाहर से आने वाले वीआईपी पर्यटकों के लिए वाहनों की अलग से व्यवस्था करने की मांग की है।

अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बिगड़ेगी छवि

पत्र में बताया गया है कि टूर ऑपरेटर्स ने पूर्व में ही रणथम्भौर सरिस्का व झालाना में कई पर्यटकों की एडवांस बुकिंग कर ली गई है। ऐसे में अब अचानक से बुकिंग को बंद करने से



खबरें शानदार 7 /12

लड़की के डांस पर पाकिस्तान में मचा बवाल, वीडियो देख तिलमिलाए लोग

Jacqueline Fernandez Wearing Zivar - 2320 - s
₹ 84,950

Live Desk
और पढ़ें

- दोहा: अमरीका-तालिबान के बीच आज होगी शांति डील, भारत समेत 30 देश
Miscellenous World a minute ago

OK

भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों को पार्क भ्रमण नहीं कराया जा सकेगा। इससे पर्यटकों में निराशा होगी और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भी रणथम्भौर व अन्य टाइगर रिजर्व की छवि धूमिल होगी।

कानूनी कार्रवाई का भी सता रहा डर

टूर ऑपरेटर्स ने बताया कि पूर्व में ही कई विदेशी पर्यटकों के पैकेज की बुकिंग हो चुकी है। इसके तहत वाहन सुविधा, गाइड आदि के लिए अग्रिम भुगतान भी कर दिया गया है। ऐसे में अब यदि निर्धारित तिथि पर एडवांस में बुक किए गए विदेशी पर्यटकों को सफारी पर नहीं भेजा गया तो विदेशी पर्यटक ट्यूर ऑपरेटर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी कर सकते हैं। उन्होने पूर्व में की गई एडवांस बुकिंग को निरस्त नहीं करने की मांग की है। साथ ही करंट ऑनलाइन व तत्काल कोटे की बुकिंग को भी चालू रखने की मांग की है।

टूर ऑपरेटर्स का तर्क यह

टूर ऑपरेटर्स का तर्क यह है कि किसी भी जगह में ट्यूरिज्म को पनपाने में सालों की मेहनत लगती है। रणथम्भौर से सरकार को भी करोड़ों की आय होती है। ऐसे में अचानक ने बुकिंग को बंद करना गलत है। इससे पर्यटन पर विपरीत असर पड़ेगा।

इनका कहना है....

हमने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रणथम्भौर व राजस्थान के अन्य टाइगर रिजर्व में पूर्व में कीगई एडवांस बुकिंग को निरस्त नहीं करने व तत्काल व करंट बुकिंग को जारी रखने की मांग की है। **– प्रणव सरकार, प्रधान, आईएटीओ।**

Ranthambhore | ranthambhore national park | ranthambhore tiger reseve | Sawai Madhopur Hindi News

पत्रिका

Vijay Kumar Joliya

Photographer

और पढ़े

RELATED STORY

चीतल के शिकार में काम ली गई थी अवैध बंदूकें

रणथम्भौर: 5 साल 88 वन्यजीवों का हुआ शिकार

माता मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, फाल्गुन

राजस्थान पत्रिका स्वर्णी भारत कार्यक्रम में छात्र–

संबंधित वीडियो

और पढ़ें

रणथम्भौर: बाघ ने फिर बढ़ाए जिप्सी की ओर कदम

अपनी ईमेल पर पायें ताज़ा ख़बरें

Email Address

Jacqueline Fernandez Wearing Zivar - 2320 - s

₹ 84,950

हमारी वेबसाइट पर कंटेंट का प्रयोग जारी रखकर आप हमारी गोपनीयता नीति और कूकीज नीति से सहमत होते हैं।

OK

अब पाइए अपने शहर (Sawai Madhopur News in Hindi) सबसे पहले पत्रिका वेबसाइट पर | Hindi News अपने मोबाइल पर पढ़ने के लिए डाउनलोड करें Patrika Hindi News App, Hindi Samachar की ताज़ा खबरें हिदी में अपडेट पाने के लिए लाइक करें Patrika फेसबुक पेज

© 2020 Patrika Group

हमारी वेबसाइट पर कंटेंट का प्रयोग जारी रखकर आप हमारी गोपनीयता नीति और कूकीज नीति से सहमत होते हैं।

OK